# <u>प्रेस नोट दिनाँक-01.03.2023</u>

**(1).** आज दिनाँक-01.03.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(2).** आज दिनाँक-01.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

**(3).** दिनांक 27.02.2023 को जनपद प्रयागराज में श्री उमेश पाल एवं उनकी सुरक्षा में लगे आरक्षी संदीप निषाद की हुई हत्या के वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु जनपद चित्रकूट के थाना राजापुर थानांतर्गत यमुना पुल कौशाम्बी बॉर्डर पर एवं थाना बरगढ़ अंतर्गत मुरका बॉर्डर पर पुलिस पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही है।

**(4).** आज दिनाँक 01.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। महोदया द्वारा शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(5). आज दिनाँक 01.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। महोदया द्वारा शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**(6). आगामी होली त्यौहार के दृषिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवँ बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 05 अभियुक्तों के कब्जे से 106 क्वार्टर बरामद देशी व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की।**

**(i). उ0नि0 श्री काशीनाथ यादव थाना राजापुर** तथा उनकी टीम द्वारा कस्बा राजापुर से अभियुक्त माता प्रसाद साहू रामलाल साहू निवासी तीरधुमाई गंगू थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(ii). उ0नि0 श्री प्रभाकर उपाध्याय थाना राजापुर** तथा उनकी टीम द्वारा कस्बा राजापुर में लूप लाइन के पास अभियुक्त रविशंकर उर्फ छोटू पुत्र राजबहादुर सोनकर निवासी कस्बा हनुमानगंज थाना राजापुर जिला चित्रकूट को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(iii). उ0नि0 श्री राजकुमार थाना बरगढ़** तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र रज्जू प्रसाद निवासी लसहई गुइयां कला थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को 50 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बरगढ़ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(iv). उ0नि0 श्री रामप्रवेश यादव थाना बहिलपुरवा** तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राजेश यादव पुत्र भवानी प्रसाद यादव निवासी कंधबनियां थाना रैपुरा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बहिलपुरवा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(v). उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्या थाना मऊ** तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त मोनू निषाद पुत्र कामता प्रसाद निवासी हटवन का डेरा छोटा मटियारा थाना मऊ जनपद चित्रकूट अभियुक्त के कब्जे से 15 लीटर कच्ची देशा शराब के साथ गिरफ्तार किय गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(7).** आज दिनांक 01.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा क्षेत्राधिकारी मऊ श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय की उपस्थिति में थाना मऊ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखान, बंदीग्रह, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, बैरिक, मैस का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मऊ को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा अपराध रजिस्टर, ऑर्डर बुक न्यायालय, हिस्ट्रीशीटर, पुरस्कार घोषित रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, महिला अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि का अवलोकन कर प्रभारी निरीक्षक मऊ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजीव कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(8).** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना राजापुर, थाना मऊ, थाना सरधुवा, थाना रैपुरा, थाना भरतकूप एवं थाना मारकुण्डी में पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना राजापुर में उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद कुमार झा एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एस0पी0 सोनकर की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर श्री भास्कर मिश्र की उपस्थिति में एवं थाना मऊ में उपजिलाधिकारी मऊ श्री नवदीप शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं थाना मारकुण्डी में उ0नि0 श्री जयप्रकाश की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के होलिका दहन एवं शब-ए-बारात आयोजक, धर्मगुरू,

ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि एवं थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आगामी होली एवं शब-ए- बारात त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहकर किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सम्बन्धित थाना पर सूचना देने हेतु बताया गया। होलिका दहन आयोजकों को बताया गया कि पूर्व से निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन का आयोजन किया जाये एवं निर्धारित समय पर होलिका दहन किया जाये । त्यौहारों के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों पालन करते हुए निर्धारित समय एवं निर्धारित आवाज पर ही डीजे बजाया जाये। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ आपसी सौहार्द से त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।

**(9).** माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना बहिलपुरवा श्री गुलाबचन्द्र सोनकर एवं पैरोकार आरक्षी सोनपाल द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री शारदा प्रसाद द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर चित्रकूट द्वारा थाना बहिलपुरवा में पंजीकृत एनसीआर नं0 21/2013 धारा 323,504 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त राजीव कुमार पुत्र भैंरो प्रसाद पटेल निवासी नयापुरवा रूकमा बुजुर्ग थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को 01 वर्ष का कारावास व 02 हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**(10).** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर श्री भास्कर मिश्र के नेतृत्व में थाना राजापुर पुलिस टीम ने 03 वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**(i).** उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह थाना राजापुर तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 36/2023 धारा 307,323,506 भादवि0 के वाँछित अभियुक्त अभिलाष सिंह पटेल उर्फ लाला पुत्र अनंतराम सिंह निवासी नादिनकुर्मियान थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह थाना राजापुर
2. आरक्षी अजय वर्मा

**(ii).** उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 187/2021 धारा 363,366,328 भादवि0 के वाँछित अभियुक्त 1. गेंदालाल पुत्र ननकू राम निवासी रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 2. अभियुक्ता बच्ची देवी पत्नी कल्लू निषाद निवासी रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह थाना राजापुर
2. आरक्षी अंजू वर्मा
3. आरक्षी धर्मेन्द्र

**(11).**
पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना बहिलपुरवा, थाना मानिकपुर एवं थाना पहाड़ी में पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना बहिलपुरवा में श्रीमान उपजिलाधिकारी मानिकपुर एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना बहिलपुरवा श्री गुलाबचन्द्र सोनकर की उपस्थिति में, थाना मानिकपुर में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री वीर प्रताप सिंह चौहान की उपस्थिति में एवं थाना पहाड़ी में उपजिलाधिकारी कर्वी श्री राजबहादुर एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एस0पी0 सोनकर की अध्यक्षता में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री रामसिंह की उपस्थिति में एवं थाना बरगढ़ में उपजिलाधिकारी मऊ एळं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ श्री योगेश तिवारी की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के होलिका दहन एवं शब-ए-बारात आयोजक, धर्मगुरू, ग्राम प्रधान, डीजे संचालको, ग्राम प्रहरी एवं थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आगामी होली एवं शब-ए- बारात त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहकर किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु बताया गया। होलिका दहन आयोजकों को बताया गया कि पूर्व से निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन का आयोजन किया जाये एवं निर्धारित समय पर होलिका दहन किया जाये । त्यौहारों के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों पालन करते हुए निर्धारित समय एवं निर्धारित आवाज पर ही डीजे बजाया जाये। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ आपसी सौहार्द से त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।

**(12).** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ श्री योगेश तिवारी के नेतृत्व में थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने रास्ता भटककर थाना क्षेत्र में पहुंचे मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।
उल्लेखनीय हैं कि प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ एवं उनकी टीम को श्री कृष्ण कुमार गोस्वामी पुत्र श्री चन्देश्वरी गोस्वामी निवासी वनमनखी थाना वनमनखी जिला पूर्णिया बिहार उम्र करीब 28 वर्ष जिसकी मानसिक दशा ठीक नही है और भटककर बंगलौर से पूर्णिया बिहार जाते समय रास्ता भटककर बरगढ़ थाना क्षेत्र में घूमते हुए मिले। प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ द्वारा सूचना उसके परिवारीजनों को दी गयी थी जो थाने पर उपस्थित आए एवं श्री चन्देश्वरी गोस्वामी जी द्वारा बताया गया कि उनका बेटा कृष्ण कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नही रहती है जिसका इलाज चल रहा है एवं वापस अपने घर नही पहुंचने पर परिवारीजन सभी लोग परेशान थे।

पुलिस टीम द्वारा श्री कृष्ण कुमार गोस्वामी जी को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया अपने बेटे से मिल परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान, चित्रकूट पुलिस को दिया धन्यवाद।

**(13).** कोतवाली कर्वी पुलिस टीम एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 2000 किग्रा0 लहन, 25 लीटर कच्ची शराब व 07 अदद भट्टी को नष्ट किया

आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह एवं आबकारी निरीक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा मंदाकिनी नदी किनारे वहद ग्राम कपसेठी में दबिश दी गयी, दबिश के दौरान लगभग 2000/- कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया, मौके से लगभग 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी व 07 अदद कच्ची शराब बनाने की भट्ठी व शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया गया।
संयुक्त टीम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह, चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री रजोल नागर एवं पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।